10 जुलाई 2023

कमोडिटी मार्केट रिपोर्ट

smc
moneywise. be wise.

प्रमुख खबरें

- बासमती चावल के निर्यात में 21% की बढ़ोतरी के कारण अप्रैल-मई में भारतीय चावल का निर्यात 10% बढ़ा है: वाणिज्य मंत्रालय।
- भारत घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए चालू वित्त वर्ष में 12 लाख टन दाल का आयात करेगा, जो पिछले वर्ष से 35% अधिक है।
- भारतीय खाद्य निगम ने खुले बाजार में बिक्री योजना के तहत पहली नीलामी में प्रस्तावित 3.86 लाख टन चावल में से केवल 170 टन या 0.04 प्रतिशत ही बेचा है।
- भारतीय खाद्य निगम ने आधिकारिक तौर पर रबी विपणन सीजन 2023-24 (अक्टूबर-मार्च) के लिए 26.1 मिलियन टन गेहूं की खरीद पूरी की।
- केंद्रीय खाद्य मंत्रालय का अनुमान है कि 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले खरीफ विपणन सीजन 2023-2024 में कुल 26.14 लाख टन मोटे अनाज की खरीद की जाएगी।
- वित्त वर्ष 2024 की अप्रैल-जून अवधि में भारत से तैयार इस्पात के निर्यात में 6 प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई है और यह 2.05 मिलियन टन रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में तैयार इस्पात का निर्यात 2.19 मिलियन टन हुआ था।
- इफको अपनी तरह के पहले नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के स्प्रे समाधान के लिए 250 करोड़ का निवेश करके 2,500 ड्रोन खरीदेगा।
- ऑल इंडिया रबर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मार्च 2024 में इंडिया रबर एक्सपो की मेजबानी करेगा।
- केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, 06 जुलाई को देश के 143 जलाशयों का जल स्तर 51.06 बिलियन क्यूबिक मीटर था, जो उनकी संयुक्त क्षमता का 29% और साल भर पहले के स्तर से केवल 4% कम है।
- समग्र रूप से भारत में जून में 148.6 मिलीमीटर वर्षा हुई जो सामान्य से कम है, जबकि लंबी अवधि के औसत 165.3 मिलीमीटर की तुलना में 10% की कम है: भारत मौसम विज्ञान विभाग।

NCDEX में सबसे अधिक बढ़ने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	30.06.23	06.07.23	बदलाव (%)
जीरा	54975.00	57065.00	3.80%
कैस्टरसीड	5874.00	5911.00	0.63%
मक्का	1945.00	1956.00	0.57%
धनिया	6680.00	6692.00	0.18%
कैस्टरऑयल	1207.00	1208.50	0.12%

MCX में सबसे अधिक बढने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	30.06.23	06.07.23	बदलाव (%)
कच्चा तेल	5827.00	5964.00	2.35%
मेंथा ऑयल	901.00	918.90	1.99%
सोना पेटल	5830.00	5875.00	0.77%
सोना एम	58255.00	58661.00	0.70%
तांबा	713.75	717.90	0.58%

NCDEX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	30.06.23	06.07.23	बदलाव (%)
ग्वारगम	10797.00	10347.00	-4.17%
कॉटनऑयलसीडकेक	2517.00	2429.00	-3.50%
ग्वारसीड	5517.00	5330.00	-3.39%
हल्दी	9858.00	9576.00	-2.86%
बाजरा	2109.00	2089.00	-0.95%

MCX में सबसे अधिक गिरने वाली कमोडिटी

कमोडिटी	30.06.23	06.07.23	बदलाव (%)
नेचुरल गैस	229.90	218.30	-5.05%
निकल	1748.00	1721.70	-1.50%

साप्ताहिक समीक्षा

सीआरबी इंडेक्स की गिरावट पर रोक लग गई और कमजोर आंकड़ों के बावजूद मामूली बढ़त हुई। डॉलर सूचकांक में लगातार तीसरे सप्ताह बढ़त दर्ज की गई।। सोने की कीमतों में ठहराव देखा गया जबकि चांदी की कीमतें लगातार दूसरे सप्ताह बढ़ी। पिछले सत्र में गिरावट के बाद गुरुवार को सोने की कीमतें स्थिर रहीं क्योंकि फेडरल रिजर्व की जून की बैठक के मिनटों से पता चला कि नीति निर्माताओं ने अधिक दर बढ़ोतरी का समर्थन किया, जिससे धातु बाजारों के लिए निराशाजनक दृष्टिकोण देखने को मिला नेचुरल गैस की कीमतों पर दबाव रहा जबकि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी दर्ज की गई । कच्चे तेल की कीमतों में उछाल दर्ज की गई क्योंकि बाजार ने कच्चे तेल की आपूर्ति में कमी के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी की आशंकाओं को नजरन्दाज कर दिया। आपूर्ति को दखा जाय तो शीर्ष तेल निर्यातकों सऊदी अरब और रूस ने अगस्त के लिए उत्पादन में कटौती के एक नए दौर की घोषणा की। कुल कटौती अब 5 मिलियन बैरल प्रति दिन से अधिक है, जो वैश्विक तेल उत्पादन के 5% के बराबर है। कटौती के साथ-साथ अमेरिकी कच्चे तेल के स्टॉक में उम्मीद से अधिक गिरावट ने भी कीमतों को कुछ समर्थन प्रदान किया। नेचुरल गैस की कीमतों में गिरावट हुई क्योंकि उत्पादकों ने उत्पादन केन्द्रों पर रखरखाव को पूरा कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप अधिक उत्पादन हुआ। बेस मेटल में कमजोरी बनी हुई है। प्रमुख आयातक चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों के साथ-साथ चीन-अमेरिका व्यापार युद्ध में संभावित वृद्धि ने भी तांबे के लिए निराशाजनक आउटलुक प्रस्तुत किया है। चीन ने इस सप्ताह अमेरिका के प्रमुख चिप निर्माण सामग्री निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे बाजार को डर है कि वह जवाबी कार्रवाई कर सकता है। बुधवार को एक निजी क्षेत्र के सर्वेक्षण से पता चला कि चीन की सेवा गतिविधि जून में पांच महीनों में सबसे धीमी गति से बढ़ी है और यूरो क्षेत्र की व्यावसायिक गतिविधि भी फिसल गई। यूरो क्षेत्र और संयुक्त राज्य अमेरिका में मैनुफैक्चरिंग गतिविधि जून में उस स्तर तक कम हो गई जो पिछली बार देखी गई थी जब वैश्विक अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन की प्रारंभिक लहर से जूझ रही थी।

कृषि कमोडिटीज में ज्यादातर कारोबार मानसून की प्रगति के दबाव में हुआ। कृषि क्षेत्र में अरंडी की कीमतों में ठहराव देखा गया। भारत ने अप्रैल-मई-23 के दौरान पिछले वर्ष के 56.9 हजार टन की तुलना में लगभग 79.87 हजार टन अरंडी का निर्यात किया। कॉटन ऑयल सीड केक वायदा समर्थन स्तर के करीब पहुँच गया। ग्वार की कीमतें ऊंचे स्तर पर नहीं रह सकीं। जीरा की कीमतें फिर से आसमान छू गईं, जबकि हल्दी की कीमतें लुढ़क गईं क्योंकि बुआई शुरुआती चरण में है और इसमें तेजी आने की संभावना है । मौसम की स्थिति बुआई गतिविधियों के लिए अनुकूल हो गई है। गुजरात में भारी बारिश से आवक की गति बाधित हुई जिससे कीमतों में मजबूती दर्ज की गई। हल्दी की कीमतों में गिरावट हुई है क्योंकि मिल मालिक आवक बढ़ने की उम्मीद में थोक खरीद से बच रहे हैं। प्रमुख उत्पादक राज्यों में अनुकूल मौसम की स्थिति के कारण उपज में वृद्धि की उम्मीद के बावजूद मेंथा तेल की कीमतें निचले स्तर से उबर गई। इसके अलावा, मेन्थॉल के कमजोर निर्यात की रिपोर्ट से कीमतों पर दबाव पड़ेगा।

हाजिर कीमतें

कमोडिटी	स्थान	30.06.2023	06.07.2023	बदलाव(%)
जौ	जयपुर	1,883.20	1,881.10	-0.11%
चना	दिल्ली	5,074.60	5,149.90	1.48%
धनिया	कोटा	6,669.70	6,789.55	1.80%
क्रूड पॉम ऑयल	कांडला	826.90	833.10	0.75%
गुड़	मुजफ्फरपुर	1,439.45	1,440.55	0.08%
ग्वारसीड	जोधपुर	5,559.30	5,410.20	-2.68%
ग्वारगम	जोधपुर	10,931.25	10,569.25	-3.31%
जीरा	ऊंझा	58,121.30	58,876.80	1.30%
सरसों	जयपुर	5,504.60	5,516.00	0.21%
रिफाइंड सोया तेल	मुंबई	940.00	965.00	2.66%
सोयाबीन	इंदौर	5,148.30	5,106.35	-0.81%
हल्दी	निजामाबाद	8,609.65	8,934.70	3.78%
गेहूं	दिल्ली	2,460.00	2,447.15	-0.52%
कॉटन	कड़ी	26,771.65	26,939.00	0.63%
कॉटनऑयलसीडकेक	अकोला	2,620.35	2,620.25	0.00%

LME/ COMEX/ NYMEX में धातुओं की कीमत (डॉलर में)

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	30.06.2023	06.07.2023	बदलाव(%)
एल्युमीनियम	LME	नकद	2151.50	2129.00	-1.05%
तांबा	LME	नकद	8315.50	8261.50	-0.65%
लेड	LME	नकद	2099.50	2050.50	-2.33%
निकल	LME	नकद	20516.00	21209.00	3.38%
जिंक	LME	नकद	2388.00	2363.50	-1.03%
सोना	COMEX	अगस्त	1929.40	1915.40	-0.73%
चांदी	COMEX	अगस्त	22.91	22.77	-0.60%
लाइट क्रूड	NYMEX	अगस्त	70.64	71.80	1.64%
नेचुरल गैस	NYMEX	अगस्त	2.80	2.61	-6.75%

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतें

कमोडिटी	एक्सचेंज	कॉन्ट्रैक्ट	30.06.2023	06.07.2023	बदलाव (%)
सोयाबीन	CBOT	अगस्त	15.57	15.25	-2.06%
सोया तेल	CBOT	अगस्त	65.01	65.95	1.45%
कॉटन	ICE	दिसम्बर	82.84	82.88	0.05%
सीपीओ	BMD	सितम्बर	3,789.00	3,911.00	3.22%

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (NCDEX)

कमोडिटी	यूनिट	29.06.2023 क्वांटिटी	06.07.2023 क्वांटिटी	अंतर
बाजरा	मी.टन	0	0	0
मक्का	मी.टन	0	0	0
कैस्टर सीड	मी.टन	8369	7936	-433
चना	मी.टन	12001	11518	-483
धनिया	मी.टन	18210	18497	287
कॉटनऑयलसीडकेक	मी.टन	16714	16167	-547
ग्वारगम	मी.टन	21489	19459	-2030
ग्वारसीड	मी.टन	180	180	0
जीरा	मी.टन	7676	7001	-675
मक्का	मी.टन	0	0	0
स्टील लॉन्ग	मी.टन	632	632	0
हल्दी	मी.टन	1074	1054	-20

गोदाम में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति (MCX)

कमोडिटी	यूनिट	30.06.2023 क्वांटिटी	06.07.2023 क्वांटिटी	अंतर
एल्युमीनियम	मी.टन	514	472	-42
तांबा	मी.टन	1351439	1138060	-213379
सोना	किग्रा	358	358	0
सोना मिनी	किग्रा	2840	2824	-16
सोना गिनी	किग्रा	413900	358300	-55600
लेड	किग्रा	0	0	0
चांदी (30 किग्रा बार)	किग्रा	107816	78050	-29766
चांदी एम	किग्रा	41883	40502	-1380
जिंक	मी.टन	0	0	0

LME में सप्ताहिक स्टॉक स्थिति(टन में)

कमोडिटी	स्टॉक की स्थिति 30.06.2023	स्टॉक की स्थिति 06.07.2023	अंतर
एल्युमीनियम	542050	537875	-4175.00
तांबा	69700	62975	-6725.00
निकल	38508	38268	-240.00
लेड	41375	42925	1550.00
जिंक	80275	74775	-5500.00

ट्रेंड शीट

एक्सचेंज	कमोडिटी	कांट्रेक्ट	बंद* भाव	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड	भाव के ट्रेंड में बदलाव	सपोर्ट	रेजिस्टेंस	क्लोजिंग स्टॉप लास
NCDEX	जीरा	अगस्त	57585.00	14.03.23	तेजी	32000.00	54900.00	-	54800.00
NCDEX	हल्दी	अगस्त	9576.00	06.04.23	तेजी	7035.00	9250.00	-	9200.00
NCDEX	**ग्वारसीड**	**अगस्त**	**5418.00**	**28.06.23**	**तेजी**	**5350.00**	**5240.00**	**-**	**5200.00**
NCDEX	कैस्टरसीड	अगस्त	5979.00	15.06.23	तेजी	5750.00	5730.00	-	5700.00
NCDEX	स्टील लांग	जुलाई	45810.00	30.01.23	मंदी	50000.00	-	47700.00	48000.00
NCDEX	कॉटनऑयलसीडकेक	अगस्त	2457.00	11.04.23	मंदी	2800.00	-	2650.00	2680.00
MCX	मेंथा ऑयल	जुलाई	904.00	14.03.23	मंदी	1015.00	-	937.00	940.00
MCX	बुलडेक्स	जुलाई	15692.00	11.05.23	मंदी	16600.00	-	15950.00	16000.00
MCX	चांदी	सितम्बर	70324.00	11.05.23	मंदी	75000.00	-	71900.00	72000.00
MCX	सोना	अगस्त	58401.00	11.05.23	मंदी	61200.00	-	59450.00	59500.00
MCX	तांबा	जुलाई	715.80	22.06.23	मंदी	725.00	-	739.00	740.00
MCX	लेड	जुलाई	181.45	22.06.23	मंदी	184.00	-	186.00	187.00
MCX	जिंक	जुलाई	215.00	22.06.23	मंदी	218.00	-	224.00	225.00
MCX	एल्युमिनियम	जुलाई	195.05	22.06.23	मंदी	203.00	-	202.50	203.00
MCX	कच्चा तेल	जुलाई	5941.00	05.07.23	तेजी	5800.00	5520.00	-	5500.00
MCX	नेचुरल गैस	जुलाई	217.70	15.06.23	तेजी	200.00	196.00	-	195.00

*06/07/2023 का बंद भाव

नाट: 1. कभी-कभी आप पाओगे कि स्टॉप लॉस बहुत अधिक है लेकिन यदि हम स्टॉप लॉस को एक बार बदल दें तो हमें कमोडिटी में मजबूती आती दिखेगी ।उस स्थिति में स्टॉप लॉस अधिक होगा क्योंकि हम सप्ताहिक आधार पर ग्राफ को देखते है और लम्बे समय तक के रूझानों को लेते है।

2. इस सप्ताहिक ट्रेंड का मिलान रोजाना के ट्रेंड से नहीं किया जाना चाहिए जिसे प्रतिदिन सुबह को मार्निंग रिपोर्ट के नाम से ई मेल किया जाता है।

टेक्निकल सुझाव

कच्चा तेल (जुलाई) एमसीएक्स

कैस्टरसीड (अगस्त) एनसीडीईएक्स

लेड (जुलाई) एमसीएक्स

कच्चा तेल (जुलाई) एमसीएक्स **उच्चस्तर: 6202.00** **निचला स्तर: 5529.00**

एमसीएक्स में कच्चा तेल (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 06 जुलाई 2023 को 5941.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 5884.84 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 64.88 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

5700.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 6500.00 रू के टारगेट के लिए 5900.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

कैस्टरसीड (अगस्त) एनसीडीईएक्स **उच्च स्तर: 6140.00** **निचला स्तर: 5539.00**

एनसीडीईएक्स में कैस्टरसीड (अगस्त) कॉन्ट्रैक्ट 06 जुलाई 2023 को 5979.00 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 5917.29 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 64.03 है। दोनों ही इंडिकेटर खरीददारी का संकेत दे रहे हैं।

5800.00 रू के स्टॉपलॉस के साथ 6250.00 रू के टारगेट के लिए 5930.00 रू के नजदीक खरीददारी की जा सकती है।

लेड (जुलाई) एमसीएक्स **उच्च स्तर: 185.95** **निचला स्तर: 178.80**

एमसीएक्स में लेड (जुलाई) कॉन्ट्रैक्ट 06 जुलाई 2023 को 181.45 रू पर बंद हुआ। वर्तमान समय में 18 दिनों को एक्सपोनेंसियल मूविंग औसत 184.56 है। दैनिक चार्ट में कमोडिटी की रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स की वैल्यू 41.708 है। दोनों ही इंडिकेटर बिकवाली का संकेत दे रहे हैं।

186.50 रू के स्टॉपलॉस के साथ 178.00 रू के टारगेट के लिए 184.00 रू के नजदीक बिकवाली की जा सकती है।

अगले सप्ताह में बाजार का रुख

मसाले

तेलंगाना और महाराष्ट्र में बुआई गतिविधियों में तेजी के संकेतों के कारण पिछले सप्ताह हल्दी की कीमतों में गिरावट हुई। महाराष्ट्र में मानसून की चिंताओं के कारण सप्ताह के आरंभ में कीमतें वर्ष के उच्चतम स्तर 10376 पर पहुंच गई थीं, लेकिन बाद में बुआई की प्रगति के साथ कीमतें उच्चतम से लगभग 7% गिर गईं। स्टॉकिस्टों की ओर से मांग कम होने से भी बाजार के सेंटीमेंट पर असर पड़ा। मांग संबंधी चिंताओं के कारण हल्दी की कीमतों में गिरावट जारी रहने की संभावना है। जून-23 में हल्दी की कीमतों में तेजी से किसानों को हल्दी के तहत अपना बुआई क्षेत्र बढ़ाने के लिए बढ़ावा मिलेगा जिससे कीमतों पर दबाव पड़ेगा। लेकिन यह कहना थोड़ा जल्दबाजी होगी कि रकबा कितना बढ़ेगा क्योंकि जून में मानसून की धीमी प्रगति के कारण कुल बुआई में देरी हुई है। 1 अप्रैल से जुलाई के पहले सप्ताह के अंत तक कुल मिलाकर आवक 4% अधिक हुई है, क्योंकि पिछले वर्ष के 163 हजार टन की तुलना में उपरोक्त अवधि के दौरान लगभग 170 हजार टन हल्दी की आवक हुई है। हाल के महीनों में हल्दी की निर्यात मांग में सुधार हुआ है जिससे कीमतों में बड़ी गिरावट पर अंकुश लगने की संभावना है। हल्दी वायदा(अगस्त) की कीमतों के 9200-9800 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण जीरा वायदा में तेजी फिर से शुरू हुई और जुलाई वायदा की कीमतें 59120 की नई ऊंचाई पर पहुंच गई। गुजरात में भारी बारिश के कारण आपूर्ति बाधित होने से जीरे की कीमतों में तेजी आई। लेकिन, भौतिक मांग कम रही है क्योंकि त्योहारी और शादी के मौसम की मांग में कमी के साथ मिलें नई खरीद में कम रुचि दिखा रही हैं। इसके अलावा, सस्ती दर पर जीरा का आयात बढ़ने से भी जीरा की कीमतों की तेजी पर रोक लगने की संभावना है। आगे चलकर, कीमतों के साइडवेज रहने की संभावना है क्योंकि आने वाले सप्ताह में गुजरात में भारी वर्षा के पूर्वानुमान से आपूर्ति में व्यवधान हो सकता है जिससे निकट अवधि में कीमतों में तेजी रह सकती है। स्टॉक कम हो गया है क्योंकि अधिकांश मिलें जरूरत के आधार पर खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए जीरा की कीमतों में कोई भी गिरावट मिलों और स्टॉकिस्टों के लिए खरीदारी का अवसर होगा। भारत ने अप्रैल 2023 में पिछले वर्ष के 9.94 हजार टन के मुकाबले लगभग 16.28 हजार टन जीरा निर्यात किया। जीरा वायदा(अगस्त) की कीमतों के 51600 - 61500 के दायरे में रहने की संभावना है।

बाजार में आवक बढ़ने से धनिया की कीमतों में गिरावट की संभावना है। किसानों के साथ-साथ स्टॉकिस्टों के पास भी भारी स्टॉक है जिससे कीमतों पर दबाव पड़ेगा। निर्यात मांग में सुधार हुआ है जिससे कीमतों में बड़ी गिरावट पर रोक लगेगी। पिछले वर्ष के 3.16 हजार टन की तुलना में अप्रैल-23 में लगभग 10.68 हजार टन धनिया का निर्यात किया गया है। धनिया (अगस्त) वायदा की कीमतों के 6350-7000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

अन्य कमोडिटीज

कपास के रकबे में गिरावट की रिपोर्ट के कारण कपास की कीमतों में तेजी की संभावना है। महाराष्ट्र और तेलंगाना में धीमी बुआई प्रगति के कारण 7 जुलाई तक कपास का बुआई क्षेत्र पिछले वर्ष की तुलना में 10% कम रह गया है। पिछले वर्ष के 79.15 लाख हेक्टेयर के मुकाबले लगभग 70.5 लाख हेक्टेयर में कपास की बुआई हुई है। आवक की धीमी गति से निकट अवधि में कपास की कीमतों में मजबूती को मदद मिलेगी। लेकिन कीमतों में बढ़त सीमित रह सकती है क्योंकि बुनाई उद्योग की ओर कमजोर मांग के कारण कताई मिलें नई खरीदारी कम कर रही हैं। एमसीएक्स पर कॉटन (जुलाई) की कीमतें 5400-58000 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है। इसी तरह, कपास (अप्रैल-24) वायदा की कीमतों में 1450-1530 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

बाजार में आवक की गति धीमी होने के कारण कॉटनसीडऑयलकेक(अगस्त) वायदा की कीमतों में तेजी की संभावना है। रकबा कम होने की रिपोर्ट से कीमतों में मजबूती आएगी। अन्य ऑयलमील की बढ़ती कीमतों से कॉटनसीडऑयलकेक के लिए बाजार में सेंटीमेंट बेहतर रहने की संभावना है। कॉटनसीडऑयलकेक की कीमतों के 2400-2750 के दायरे में रहने की संभावना है।

बढ़ी हुई भौतिक मांग के कारण ग्वारसीड (अगस्त) वायदा की कीमतों में तेजी की संभावना है। बाजार का मुख्य ध्यान बुआई की प्रगति पर केंद्रित हो गया है। 6 जुलाई तक राजस्थान में ग्वार की बुआई लगभग 10 लाख हेक्टेयर में की गई, जबकि पिछले साल 9.6 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई थी। बुआई गतिविधियों में अभी भी तेजी नहीं आई है, लेकिन ग्वार पर कम कीमत मिलने के कारण कुल उत्पादन क्षेत्र में कमी आने की संभावना है, जिससे ग्वार का क्षेत्र अन्य लाभदायक फसलों की ओर स्थानांतरित हो जाएगा। लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी से ग्वार की कीमतों की बढ़त पर अंकुश लगेगा। निकट भविष्य में ग्वार सीड की कीमतें 5250-5600 के दायरे में कारोबार कर सकती है जबकि ग्वारगम की कीमतों के 9800-10900 के दायरे में रहने की संभावना है।

मेंथा ऑयल वायदा (जुलाई) की कीमतों में तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना है क्योंकि भौतिक बाजार में बढ़ती खरीदारी की रुचि के कारण कीमतों में शॉर्ट कवरिंग देखने को मिल सकती है। लेकिन बेहतर उत्पादन संभावनाओं के कारण बढ़त सीमित होने की संभावना है। फसल की प्रगति के लिए मौसम की स्थिति अनुकूल बनी हुई है जिसके परिणामस्वरूप उपज में वृद्धि हो सकती है। मेन्थॉल की निर्यात मांग कमजोर है जिससे कीमतों पर दबाव रहेगा। मेंथा ऑयल की कीमतों के 885-940 के दायरे में रहने की संभावना है।

बाजार में आपूर्ति कम होने के कारण अरंडी की कीमतें बढ़ने की उम्मीद है। अरंडी के निर्यात में बढ़ोतरी से भी बाजार का सेंटीमेंट बेहतर रह सकता है। भारत ने अप्रैल-मई-23 के दौरान पिछले वर्ष के 56.9 हजार टन की तुलना में लगभग 79.87 हजार टन अरंडी का निर्यात किया है। आगे का रूझान तय करने के लिए बाजार की नजर चल रही बुआई की प्रगति पर होगी। बुआई प्रारंभिक चरण में है क्योंकि 7 जुलाई तक गुजरात में लगभग 24 हजार हेक्टेयर में अरंडी की बुआई हुई थी, जबकि पिछले वर्ष 6 हजार हेक्टेयर में बुआई हुई थी। अरंडी (अगस्त) वायदा की कीमतों के 5650-6200 के दायरे में कारोबार करने की संभावना है।

सर्राफा

सोने की कीमतों में लगातार चौथी साप्ताहिक गिरावट देखी गई क्योंकि निवेशकों ने अनुमान लगाया कि फेडरल रिजर्व लंबी अवधि के लिए उच्च ब्याज दरें बनाए रखेगा। इस दृष्टिकोण ने सोने की कीमतों पर दबाव डाला, जिसमें यील्ड की कमी होती है। बढ़ी हुई ब्याज दरों के परिणामस्वरूप संभावित मंदी को लेकर चिंताओं के बावजूद, जून के लिए अमेरिकी निजी पेरोल आंकड़ें उम्मीदों से अधिक रहे, जो एक लचीले श्रम बाजार की ओर संकेत देता है। फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ डलास के अध्यक्ष लॉरी लोगान ने विश्वास व्यक्त किया कि जून की नीति बैठक में दर में बढ़ोतरी जरूरी थी और अभी भी मजबूत अर्थव्यवस्था को कम करने के लिए दरों में अधिक बढ़ोतरी की आवश्यकता पर जोर दिया। सीएमई के फेड वॉच टूल के बाजार संकेतक वर्तमान में पिछले महीने के ठहराव के बाद जुलाई में दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि की 92% संभावना का संकेत देते हैं। इसके अतिरिक्त, 10-वर्षीय ट्रेजरी नोट्स पर यील्ड 2 मार्च के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिससे सोने की मांग और कम हो गई। इस बीच, बैंक ऑफ जापान के डिप्टी गवर्नर शिनिची उचिदा ने फिलहाल अपनी यील्ड वक्र नियंत्रण नीति को जारी रखने की पुष्टि की। अमेरिकी यील्ड के ऊंचे स्तर को देखते हुए, सोने की कीमतों को निकट अवधि में 1,900 डॉलर की सीमा से ऊपर अपनी स्थिति बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कॉमेक्स पर 1900 डॉलर सोने के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन स्तर प्रतीत होता है, और यदि कीमतें इसके ऊपर बनी रहती हैं, तो यह सोने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण का संकेत दे सकता है। यदि कीमत इस स्तर से नीचे आती है, तो इसे बिकवाली के अवसर के रूप में देखा जा सकता है और कीमतें 1,820 डॉलर तक लुढ़क सकती हैं। कॉमेक्स पर चांदी की कीमतें 21.900-23.600 डॉलर के दायरे में कारोबार करती रही। इस सप्ताह में, एमसीएक्स पर सोने की कीमतों में दोनों तरफ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, और कीमतें 56900-59900 के दायरे में रह सकती है। एमसीएक्स पर चांदी की कीमतें 67500-72000 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

एनर्जी कॉम्पलेक्स

ऊर्जा मांग पर संभावित रूप से प्रभाव डालने वाली उच्च अमेरिकी ब्याज दरों की चिंताओं के बावजूद, पूरे सप्ताह कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिकी तेल भंडार में अनुमान से अधिक कमी के बाद आपूर्ति में कमी के संकेतों से मांग में कमी की चिंताओं का असर समाप्त हो गया। लगातार दूसरे सप्ताह कीमतों में लगभग 2% की वृद्धि हुई। ईआईए की रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत रिफाइनिंग मांग के कारण अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में उम्मीद से अधिक गिरावट हुई, जबकि पिछले सप्ताह में ड्राइविंग गतिविधि में वृद्धि के कारण गैसोलीन इन्वेंट्री में महत्वपूर्ण गिरावट देखी गई। लेकिन, 25-26 जुलाई को होने वाली आगामी बैठक में अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में बढ़ोतरी की बढ़ती उम्मीदों के कारण तेल की कीमतों में बढ़ोतरी की गति सीमित रही। जून में दरों को 5% से 5.25% के दायरे में बनाए रखा गया था। उच्च ब्याज दरों की बढ़ती उम्मीदों के कारण तेल की कीमतों पर दबाव बना रहा। कच्चे तेल के प्रमुख उत्पादक सऊदी अरब ने अपने स्वैच्छिक उत्पादन में कटौती को अगस्त के लिए भी प्रतिदिन 1 मिलियन बैरल तक बढ़ाने के अपने निर्णय की घोषणा की। एक अन्य उत्पादक अल्जीरिया ने कहा कि वह भी अगस्त में प्रतिदिन 20,000 बैरल अतिरिक्त उत्पादन में कटौती करेगा। इस सप्ताह में कीमतों में मिले-जुले फंडामेंटल के कारण उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है, जहां सपोर्ट के निकट खरीदारी की सलाह है, और कीमतें 5690-6150 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। लगातार चार बार बढ़त के बाद नेचुरल गैस की कीमत फिर से लगभग 2% कम हो गई क्योंकि उत्पादन रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गया। यह उम्मीद है कि मौसम के मिले-जुले अनुमान और गर्मी के बीच में चल रही उत्पादन क्षमता के कारण बेहतर गैस भंडारण को संरक्षित करने के लिए दबाव बना रहेगा। इस सप्ताह में कीमतें 190-240 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं।

बेस मेटल

मिले-जुले फंडामेंटल के कारण बेस मेटल की कीमतें एक दायरे में कारोबार कर सकती हैं । शीर्ष उपभोक्ता चीन में मांग की अनिश्चितता और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अधिक ब्याज दरों में बढ़ोतरी की चिंता के कारण कीमतों पर दबाव रह सकता है, जबकि चीन में स्टीमुलस की उम्मीदों और एक्सचेंज इन्वेंट्री में गिरावट से कीमतों को समर्थन मिल सकता है। हाल के महीनों में चीन की आर्थिक वृद्धि धीमी हो गई है, जिससे प्रोत्साहन की उम्मीदें बढ़ गई हैं लेकिन मुख्य रूप से ऋण संबंधी चिंताओं के कारण 2008 में की गई बड़े पैमाने जैसी कार्रवाई की संभावना नहीं है। तांबे की कीमतें 695-730 के दायरे में कारोबार कर सकती है। तीन महीने के तांबे के कॉन्ट्रैक्ट के मुकाबले एलएमई के नकद कॉन्ट्रैक्ट के लिए पिछले महीने का प्रीमियम अल्पकालिक साबित हुआ और जुलाई में कम हो गया, जो निकट अवधि में भरपूर आपूर्ति का संकेत देता है। चीनी स्मेल्टरों ने तांबे के कंसेन्ट्रेट के उपचार शुल्क के लिए अपनी तीसरी तिमाही के मार्गदर्शन को 95 डॉलर प्रति मीट्रिक टन तक बढ़ा दिया है, जो लगभग छह वर्षों में उच्चतम स्तर है, क्योंकि उन्हें आने वाले महीनों में इस क्षेत्र में प्रचुर आपूर्ति और स्थिर मांग में वृद्धि की उम्मीद है। आपूर्ति की चिंता से कीमतों को समर्थन मिल रहा है क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी तांबा उत्पादक चिली की सरकारी स्वामित्व वाली कोडेल्को को हाल की भारी बारिश के कारण 2023 में लगभग 7,000 मीट्रिक टन तांबे के उत्पादन के नुकसान की आशंका है। जिंक की कीमतें 203-223 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। लेड 178-186 के दायरे में कारोबार कर सकती है। एल्युमीनियम की कीमतें 190-208 के दायरे में कारोबार कर सकती हैं। यूरोप में ऊर्जा की अधिक कीमतों और वर्षों से चीन से अधिक निर्यात के बीच धातु, मुख्यत: अर्ध-निर्मित उत्पादों के, उत्पादन में कमी आई है। स्टील लॉन्ग वायदा (जुलाई) की कीमतें नरमी के रूझान के साथ 45000-47500 के दायरे में कारोबार कर सकती है। चीनी निर्माण क्षेत्र द्वारा कमजोर मांग के कारण वैश्विक स्तर पर इस्पात मांग में गिरावट होने की संभावना है।

मसाला निर्यात.....रफ्तार में वृद्धि

भारत दुनिया का अग्रणी मसाला उत्पादक, निर्यातक और उपभोक्ता है। कोविड-19 महामारी के बावजूद, भारत से मसालों के निर्यात की मात्रा एक दशक में तीन गुना से अधिक हो गई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार की ओर से निर्यात प्रोत्साहन गतिविधियों से निर्यातकों को लाभ हुआ है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, भारत से मसाला निर्यात पिछले नौ वर्षों में दोगुना हो गया है, जो 2013-14 में 1,778 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3,995 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। मसाला बोर्ड ने खासकर महामारी के समय में मसाला समुदाय के बड़े लाभों के लिए भारतीय-अंतर्राष्ट्रीय मसाला व्यापार को मजबूत करने और बढ़ावा देने का बीड़ा उठाया था। लेकिन वैश्विक मंदी से भारत के मसालों के निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। लेकिन महामारी के बाद मांग में वृद्धि कम हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप निर्यात मूल्य पिछले दो वर्षों से 4 डॉलर बिलियन पर ही बना हुआ है।

निर्यात पैटर्न..... दुनिया भर में फैल रहा भारतीय जायका

- विभिन्न बाधाओं को पार करते हुए, मौजूदा वित्त वर्ष के पहले दो महीनों के दौरान भारत के मसालों और मसाला उत्पादों के निर्यात में रुपये के संदर्भ में 41 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक त्वरित अनुमान के अनुसार, अप्रैल-मई के दौरान मसालों और मसाला उत्पादों का निर्यात 6,702.52 करोड़ (815.39 मिलियन डॉलर) का था, जबकि एक साल पहले समान अवधि में 4746.85 करोड़ (618.63 मिलियन डॉलर) मूल्य का हुआ था। डॉलर के संदर्भ में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।
- मसाला बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 के दौरान मसालों का निर्यात 31,761.38 करोड़ रुपये का हुआ है, जबकि वित्त वर्ष 22 के दौरान यह 30,324.32 करोड़ रुपये का था।
- मूल्य के संदर्भ में कुल मसाला निर्यात में प्रमुख हिस्सेदारी मिर्च (33 प्रतिशत), जीरा (13 प्रतिशत), मसाला तेल और ओलियोरेसिन (13 प्रतिशत), पुदीना उत्पाद (11 प्रतिशत), हल्दी (5 प्रतिशत), करी पाउडर (4 प्रतिशत), इलायची (छोटी) (3 प्रतिशत), और काली मिर्च (2 प्रतिशत) की है, जो कुल मसाला निर्यात आय में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देते हैं।
- भारतीय मसाला उद्योग ने पिछले दो वर्षों 2020-21 और 2021-22 के दौरान लगातार 4 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया। वित्त वर्ष 2023 के दौरान, भारत ने फिर से करीब 4 अरब डॉलर मूल्य के मसालों (3,1761.38 करोड़) का निर्यात किया, जो वित्त वर्ष 22 की तुलना में रुपये के संदर्भ में 4.74 प्रतिशत की वृद्धि है। मिर्च, जीरा, हल्दी, धनिया और अदरक पांच सबसे अधिक निर्यात किए जाने वाले मसाले हैं, जो मसाला निर्यात की कुल मात्रा का 70 प्रतिशत से अधिक है।
- वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत से मसालों का निर्यात 165 से अधिक देशों में किया गया।
- प्रमुख आयातक देशों में चीन (20 प्रतिशत), अमेरिका (14 प्रतिशत), बांग्लादेश (7 प्रतिशत), संयुक्त अरब अमीरात (6 प्रतिशत), थाईलैंड (5 प्रतिशत), इंडोनेशिया (4 प्रतिशत), मलेशिया (4 प्रतिशत) थे। प्रतिशत), यूके (3 प्रतिशत), श्रीलंका (3 प्रतिशत), जर्मनी (2 प्रतिशत), नीदरलैंड (2 प्रतिशत), नेपाल (2 प्रतिशत), और सऊदी अरब (2 प्रतिशत), अधिक आयात कर रहे हैं और मसालों की निर्यात आय में 70 प्रतिशत से भी अधिक का योगदान कर रहे हैं। शीर्ष 11 देशों में से, वित्त वर्ष 23 के दौरान सात प्रमुख देशों को निर्यात में वृद्धि हुई।
- इन देशों में सख्त खाद्य नियम और कानून हैं जो यह गारंटी देते हैं कि मसाले सहित वस्तुएं सुरक्षित, संपूर्ण और स्वच्छता और स्वच्छ स्थितियों में उत्पादित होते हैं।
- चीन ने उन कीटनाशकों और रसायनों को औपचारिक रूप से स्पष्ट कर दिया है, जिनका उपयोग उस देश को जीरा के निर्यात के लिए किया जा सकता है। चीन ने आधिकारिक तौर पर जीरे में इस्तेमाल होने वाले ऐसे रसायनों और कीटनाशकों के लिए अधिकतम अवशेष सीमा (एमआरएल) की भी जानकारी दे दी है।
- भारत से जीरा की निर्यात मांग अफ्रीका और मध्य पूर्व के देशों से धीरे-धीरे बढ़ रही है।

स्रोत: भारतीय मसाला बोर्ड

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon (East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

प्रतिभूति बाजार में निवेश बाजार के जोखिमों के अधीन है। निवेश करने से पहले सभी संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ लें। सेबी द्वारा दिया गया पंजीकरण और एनआईएसएम से प्रमाणन किसी भी तरह से मध्यस्थ के प्रदर्शन की गारंटी नहीं देता है या निवेशकों को रिटर्न का कोई आश्वासन नहीं देता है। उद्धृत प्रतिभूतियां केवल उदाहरण के लिए हैं और अनुशंसात्मक नहीं हैं। एसएमसी सेबी द्वारा पंजीकृत एक अनुसंधान विश्लेषक है जिसका पंजीकरण संख्या आईएनएच 100001849 है। सीआईएन: L74899DL1994PLC063609 है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है । एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है ।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हें सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित हैं। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें । रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्त्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं । यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए । रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है । इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए । यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है । सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए ।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है । सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा ।